हवाला कांड में शामिल विदेशी बैंक

240. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रवर्तन निदेशालय ने यह आशंका व्यक्त की है कि 142 करोड़ रुपये के हवाला कांड में कुछ विदेशी बैंकों के बम्बई में पदस्थापित कुछ अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस घोटाले में शामिल विदेशी बैंकों के विरूद्ध कार्रवाही करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा सरकार इस संबंध में कब तक कार्यवाही करने का विचार कर रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) से (ग) प्रश्न में उल्लिखित मामले में, लिप्त पाये गये दो विदेशी बैंकों के 22 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। विदेशी बैंकों के पांच और अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है।

अनियंत्रित निर्यात का मुद्रास्फीति की दर पर प्रभाव

241. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 13 फरवरी, 1995 के दैनिक "दि ट्रिब्यून" में "अनकंट्रोल्ड एक्सपोर्ट पुशेज अप इन्फ्लेशन" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां तो क्या यह सच है कि आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा वस्तुओं के अनियंत्रित निर्यात के कारण देश में वर्ष 1994-95 में मुद्रास्फीति की दर ऊंचाई अंक में रही है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) (क) जी, हां।

(ख) और (ग) 1994-95 में वर्ष के शुरू से 18 फरवरी तक 30 आवश्यक वस्तुओं के समूह के थोक मूल्य में 9.9% तक की वृद्धि हुई और इस अवधि में थोक मूल्य सूचकांक की वृद्धि 22% का योगदान रहा। यह 1993-94 की समवर्ती अवधि में आवश्यक वस्तुओं में 12% की वृद्धि के साथ तुलनीय है। जो थोक सूचकांक में 28% की वृद्धि के लिये उत्तरदायी था।

चाय को छोड़कर, कुल घरेलू आपूर्ति में निर्यातित आवश्यक वस्तुओं का हिस्सा नगण्य है और इसलिये विद्यमान परिणाम में उनका निर्यात-मुद्रास्फीति दर को महत्वपूर्ण रूप से आगे नहीं बढ़ा सकता।

Funds invested in equity shares

242. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that foreign exchange reserve has been registering consistent growth for the last several months;

(b) if so, the details of the reserve as on 31st January, 1995 showing separately the fund invested by agencies from abroad in equity shares and other business ventures;

(c) whether it is a fact that a large portion of the existing foreign exchange reserve comprises deployment of money by foreign investors which can be withdrawn by them whenever they wish; and

(d) what will be the impact on the economy in the event of their doing so in the near future?